newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २३ | अंक - ५ | १९ से २५ फरवरी २०२४ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## सरकार ने वादे पूरे नहीं किए

संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि ताजा प्रदर्शन के जरिए वे सरकार को दो वर्ष पहले किए गए उन वादों को याद दिलाना चाहते हैं, जो आंदोलन को वापस लेने की अपील करते हुए सरकार ने किए थे। करीब दो वर्ष पहले किसानों ने जब अपने आंदोलन के तहत दिल्ली की सीमाओं पर डेरा डाला था, तब कई महीनों तक प्रदर्शन के बाद सरकार के साथ कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी और किसान वापस गए। मगर अब एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए कानून की मांग सहित कई अन्य मुद्दों के साथ किसानों ने दिल्ली चलो के नारे के साथ प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सवाल है कि आखिर किसानों के पिछले आंदोलन के बाद सरकार के साथ हुए समझौते का क्या स्वरूप था और उसमें बनी सहमति को जमीन पर उतारने को लेकर ऐसी गंभीरता क्यों नहीं दिखी कि किसानों को फिर से सड़क पर उतरने की नौबत आई। गौरतलब है कि दो वर्ष पहले किसानों के ऐतिहासिक आंदोलन के बाद केंद्र सरकार को संसद से पारित तीन कृषि कानूनों को रद्द करना पड़ा था। तब सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी देने का वादा किया था। मगर किसानों की शिकायत है कि सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। अब किसानों के ताजा आंदोलन के बाद फिर जो हालात पैदा हो रहे हैं, अगर उसे लेकर सही नीति नहीं अपनाई गई तो सड़कों पर अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। विचित्र यह भी है कि सरकार की ओर से किसानों को रोकने के लिए जिस तरह सड़क पर कीलें लगाने और बाधाएं खड़ी जैसे उपाय किए गए हैं, उसे एक तरह से विरोध प्रदर्शन को बाधित करने की तरह देखा जा रहा है। जबकि एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी को अपने वाजिब मुद्दों के लिए विरोध जताने या प्रदर्शन करने का अधिकार होना चाहिए। यह सरकार के लिए सोचने का वक्त है कि आखिर पिछले आंदोलन के दौरान बनी सहमति के बिंदुओं को लागू करने को लेकर कहां चूक या लापरवाही हुई कि किसान संगठन फिर से अपनी मांगों के साथ सड़क पर आ गए। संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि ताजा प्रदर्शन के जरिए वे सरकार को दो वर्ष पहले किए गए उन वादों को याद दिलाना चाहते हैं, जो आंदोलन को वापस लेने की अपील करते हुए सरकार ने किए थे। वे वादे अब तक पूरे नहीं हुए। वहीं सरकार की ओर से ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी वाला कानून सभी हितधारकों से परामर्श किए बिना जल्दबाजी में नहीं लाया जा सकता है। वाल है कि वादा करने के बावजूद सरकार आखिर अब तक क्या कर रही थी कि इस मसले पर किसानों के बीच स्पष्ठता नहीं बन सकी ? हालांकि विरोध प्रदर्शन से उपजने वाली अव्यवस्था की आशंका के मद्देनजर सरकार किसानों को रोकने की कोशिश कर रही है, लेकिन अगर किसान संगठन अपनी बात शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से जनता और सरकार के सामने रखना चाहते हैं, तो उन्हें बाधित क्यों किया जाना चाहिए ? फिर किसान संगठनों को भी यह खयाल रखने की जरूरत है कि उनके आंदोलन की वजह से कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति और आम जनता के सामने मुश्किलें न पैदा हों। गौरतलब है कि दिल्ली की सीमाओं पर किसानों के जमावड़े की वजह से आम जनता के सामने कई प्रकार की दिक्कतें खड़ी होनी शुरू हो गई हैं। जरूरत इस बात की है कि हालात जटिल होने से पहले सरकार किसान संगठनों से बातचीत का रास्ता निकाले और सहमति के बिंदु तैयार करे।

# मनपा ने अपना बजट किया पेश

## मुलभूत सुविधाओं को देने का किया प्रयास

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर. मीरा-भायंदर महानगरपालिका के वित्तीय वर्ष २०२४-२५ के बजट को सर्व समावेशक बजट बनाने का प्रयास किया गया है. वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट से नए वित्तीय वर्ष के बजट में करीब ५.७% की वृद्धि की गई है. वर्ष २०२३-२४ का प्रशासनिक बजट २,१७४ करोड.और २५ लाख रुपए आय वाली बजट सादर किया गया था. जबकि वर्ष २०२४ २५ का बजट २२९७ करोड. ९४ लाख रुपए का है. बजट को लोकाभिमुख और मूलभूत सुविधाओं को आधार देने वाला बनाने का प्रयास किया गया है. शुक्रवार को मनपा आयुक्त व प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर ने बजट पेश करते हुए इस बजट को पर्यावरण पूरक, शिक्षण, आरोग्य और जलापूर्ति को सक्षम बनाने वाला होने का दावा किया है. वित्तीय वर्ष २०२४-२०२५ के मूल और वर्ष २०२३ २०२४ के सुधारित बजट पेश करते समय



अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मानोरकर, संभाजी पानपट्टे, उपायुक्त संजय शिंदे, रवि पवार, कल्पिता पिंपले, शहर अभियंता दीपक खांबित, मुख्य लेखाधिकारी व वित्त अधिकारी कालिदास जाधव, मुख्य लेखा परीक्षक सुधीर नाकाडी, सहायक संचालक नगररचना पुरुषोत्तम शिंदे, शरद नानेगांवकर, नितिन मुकने, नगरसाचिव वासुदेव शिरवलकर, जनसंपर्क अधिकारी राज घरत आदि मौजूद थे.

वर्ष २०२४ - २५ के मूल वित्तीय बजट में स्वास्थ्य विभाग और शिक्षण विभाग को प्राथमिकता दी गई है, मनपा के राजस्व और आय बढाने पर जोर दी गई है. खर्च पर वित्तीय अनुशासन, अनावश्यक राजस्व के खर्च में कटौती, स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षण पर त्रिसुत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर जोर, पूंजीगत कार्यों के तहत शुरू किए गए कार्यों को पूरा करना, प्रशासनिक कायों में सुधार, अनुदान प्राप्त कायों को निर्धारित समय के भीतर पूर्ण करने की योजना, सरकारी अनुदान में प्रस्तावित मनपा का हिस्सा. अमृत २.० के तहत जलापूर्ति और भूमिगत गटर (सिवरेज) योजना चरण २ योजना को पूर्ण करने का उल्लेख किया गया है. इसके साथ ही पर्यावरण पूरक स्वास्थ्यवर्धक, घनकचरा प्रकल्प व शैक्षणिक दर्जा सुधारने तथा ठेका (संविदा) कर्मचारियों को समय पर वेतन देना इस वित्तीय बजट में सुनिश्चित किया गया है.

### इस वर्ष के बजट में आय के मुख्य स्त्रोत

| | |
|---|---|
| संपत्ति कर | २६० करोड.१० लाख |
| विकास और समान शुल्क के लिए | १५० करोड. |
| वस्तु एवं सेवा कर | ३०२ करोड.४० लाख |
| स्टाम्प ड्यूटी | ५९ करोड.४० लाख |
| जलापूर्ति शुल्क से | १०० करोड.रुपये |
| सडक़ मुआवजा | ६० करोड. |
| जमा पूंजी | २७ करोड.४६ लाख |
| कर्ज | ४३३ करोड. |
| सरकारी सब्सिडी | ६२९ करोड.३ लाख |
| अग्निशमन शुल्क | ६२ करोड.२७ लाख |
| अचल संपत्ति | ५ करोड.८३ लाख |
| विज्ञापन शुल्क | ९ करोड.४० लाख |

### बजट: खर्च का पूरा ब्योरा

| | |
|---|---|
| सीमेंट कंक्रीट सडक़ों के निर्माण के लिए | १५० करोड.रुपये |
| बाला साहेब ठाकरे आर्ट गैलरी | २ करोड.५० लाख |
| प्रमोद महाजन कला दलान | ३ करोड.७५ लाख |
| घोडब़ंदर किला | १० करोड. |
| बाबा साहेब आम्बेडकर भवन | ७ करोड.५० लाख |
| बिजली, गैस दहन पर | २ करोड.७५ लाख |
| सूर्या जलापूर्ति योजना | २१७ करोड.५० लाख |
| भूमिगत सीवर | ४१६ करोड.और ४८ लाख |
| घन कचरा प्रबंधन | १७० करोड. |
| जल आपूर्ति एवं सीवरेज | २१७ करोड.५० लाख |
| दिव्यांग कल्याण योजना | १० करोड.६५ लाख |
| परिवहन सेवा | ४५ करोड. |
| शिक्षा विभाग के लिए | ५५ करोड.५७ लाख |

## प्रताप सरनाईक के अस्पताल का शिंदे ने किया शुभारंभ



मीरारोड : मातोश्री इंदिराबाई बाबूराव सरनाइक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटनबुधवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह कैशलेस अस्पताल हजारों नागरिकों को फायदा पहुंचाएगा। इसे देखकर उन्हें संतुष्ठि हुई क्योंकि यह अस्पताल सुपर स्पेशियलिटी और फाइव स्टार अस्पताल की भावना को साकार करता है।मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मीरा-भायंदर में मातोश्री इंदिराबाई बाबूराव सरनाईक कैशलेस अस्पताल का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अस्पताल की भव्य लोकार्पण समारोह को बुधवार को हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया। उन्होंने विधायक प्रताप सरनाईक की योजना की सराहना की जिसने इस अस्पताल की स्थापना की। इसके साथ ही, उन्होंने आगे भी मॉडल स्कूल की जरूरत को उठाया और राज्य सरकार से इसके लिए निधि मांगी। यह अस्पताल महाराष्ट्र के मीरा-भायंदर शहर में स्थित है और इसमें १०० बेड हैं, जहाँ सभी सुपरस्पेशालिटी उपचार मुफ्त होंगे। इस अवसर पर विधायक प्रताप सरनाईक, मीरा भायंदर के मनपा आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर, पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे, विधायक गीता जैन, युवा सेना के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, शिवसेना के मीरा-भायदर जिला प्रमुख राजू भोईर, महिला जिला संगठक निशा नार्वेकर, मीरा-भायंदर १४५ विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह, १४६

शेष पृष्ठ २ पर

## आटोरिक्शा चुराकर नाईट पर देता था किराया पर

भायंदर । मध्यवर्ती अपराध शाखा ने चोरी के ९ रिक्शा और दो बाईक के साथ एक पेशेवर चोर को गिरफ्तार किया है।आरोपी रिक्शा चुराने के बाद उसका नंबर प्लेट बदल देता था और फिर उसे शिफ्ट पर चलाने के लिए भाडे.पर दे देता था। भायंदर पश्चिम से चोरी हुए एक रिक्शे की खोजबीन के दौरान आरोपी पुलिस के हत्थे चढा।वह नौपाडा ठाणे में चोरी के एक मामले में वांछित था। आरोपी का नाम अशरफ उर्फ सलमान मोहमद परवेज शेख है।और वह विरार का रहने वाला है।पुलिस के मुताबिक वह पेशेवर चोर है।उससे पूछताछ में चोरी की ११ वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस ने ११ ऑटो रिक्शा और दो बाइक जब्त की है। बरामद ऑटो रिक्शा



ठाणे,मुंबई भायंदर तथा विरार के अलग-अलग थानों से चुराए गए थे।डीसीपी (अपराध) अविनाश अंबुरे ने बताया कि ३/४ फरवरी के बीच भायंदर पश्चिम के राई गांव पुल से एक ऑटो रिक्शा चोरी हुआ था।इससे पहले भी कई वाहन चोरी हुए थे।इनकी तफ्तीश के लिए पुलिस घटना स्थलों का जायजा लेना शुरू किया। इस दौरान आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।इस बीच पुलिस को खबर मिली कि विरार पूर्व के रामू कंपाउंड में एक व्यक्ति चोरी के रिक्शे और बाइक जमाकर रखा है।वहां से पुलिस ने आरोपी अशरफ को कब्जे में लिया। वरिष्ट पुलिस निरीक्षक संदीप कदम ने बताया कि चुराए गए रिक्शा को आरोपी कमाई का जरिया बना रखा था। उनका नंबर प्लेट बदल कर उन्हें शिफ्ट पर चलवा रहा था।मामले में उसके एक साथी की तलाश है।

## वसई पुलिस के हत्थे चढा सीरियल रेपिस्ट




**जेकेएस संवाददाता**

वसई: नाबालिग लडकियों को डर दिखाकर उनका यौन उत्पीडऩ करने वाला सीरियल रेपिस्ट को आखिरकार क्राइम ब्रांच युनिट २ 'वसई' पकडऩे में सफल रही है। बातदे कि, 'सीरियल रेपिस्ट को पकडऩे के किये एमबी पुलिस पूरी ताकत झोंक दी थी। क्योंकि यह 'सीरियल रेपिस्ट पुलिस महकमे के लिए सिरदर्द बना था। यह पूरी कार्रवाई पुलिस कमिश्नर मधुकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्रीकांत पाठक, क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे व एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में युनिट २ के पीआई शाहूराज रणयरे के नेतृत्व में सपोनिरी सुहास कांबल व सपोनिरी सागर प्रकाश शिंदे की टीम ने की है। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि, आचोले पुलिस स्टेशन में १३ फरवरी २०२४ को एक ७ वर्षीय नाबालिग लडक़ी का अपरहण कर अप्राकृतिक संभोग की घटना दर्ज की गयी थी। जिसमे आचोले पुलिस स्टेशन ने एक २५ से ३० वर्षीय शख्स के ऊपर कलम ३७७, ३६३ व पोस्को एक्ट ४.६.८.१० के तहत केस दर्ज किया था। मामले की छानबीन पुलिस द्वारा किया जा रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि, उक्त गंभीर अपराध की खबर मिलते ही वरिष्टजनों के आदेश व निर्देशानुसार युनिट २ वसई कार्यालय के प्रभारी पुलिस निरीक्षक शाहूराज रणवरे के मार्गदर्शन में युनिट २ के अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग कैमरे में कैद हुई आरोपी की धुंधली तस्वीर के आधार पर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू की गई। उक्त आरोपी के घटना स्थल से भागने के बाद आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर एवं गोपनीय मुखबिर के माध्यम से पता चला कि उक्त आरोपी

शेष पृष्ठ २ पर

## पत्रकारों को धमकी देने पर तीन साल की हो सक्ती है जेल

नई दिल्ली (सं.): हाई कोर्ट की आलोचना के बाद प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की है कि पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों पर ५०,००० हजार का जुर्माना लगाया जा सकता है और पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों को ३ साल की जेल हो सकती है, पत्रकारों को धमकी देने वालों को अंदर जेल भेजा जाएगा। पत्रकारों को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों से जमानत आसानी से नहीं मिलती सीएम योगी ने कहा, अगर पत्रकार मुसीबत में है तो तुरंत उनसे संपर्क करें और उनकी मदद करें और पत्रकारों से सम्मानपूर्वक बात करें, अन्यथा आपको भारी कीमत चुकानी पडेग़ी। दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी, अन्यथा एसएसपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. पत्रकार भीड. का हिस्सा नहीं हैं. इसे ध्यान में रखते हुए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मार्कंडेय काटजू ने राज्य सरकारों को पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ चेतावनी दी है. ऐसा न करने की हिदायत दी गई है. कोई मौके पर हाथापाई या हंगामा होने पर पुलिस पत्रकारों के काम में हस्तक्षेप नहीं कर सकते. पुलिस पत्रकारों के साथ भीड.जैसा व्यवहार करती है नहीं दे सकते पुलिस या अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा. काटजू ने कहा, एक वकील की तरह चूंकि अभियुक्त की हत्या का मामला अदालत में लड.जाता है, इसलिए वह हत्यारा नहीं बन जाता। इसके अलावा पत्रकार सार्वजनिक स्थानों पर अपना काम करते हैं लेकिन वे भीड.क़ा हिस्सा नही होते हैं। इसलिए, प्रेस काउंसिल

शेष पृष्ठ २ पर

## भाजपा के रवि व्यास ने अवैध दरगाह तोडने की उठाई मांग

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। भारतीय जनता पार्टी की १४५, विधानसभा चुनाव प्रमुख एडवोकेट रवि व्यास ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ठाणे के जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त और महापालिका आयुक्त को पत्र लिखकर गोल्डन नेस्ट परिसर के आजाद नगर स्थित आरक्षण क्रमांक १२२ पर बनाए गए अंजुमन गरीब नवाब नामक अवैध मदरसा और उत्तन जेटी के पास सरकारी जमीन पर बनाए गए अवैध दरगाह तत्काल तोडे.



जाने की मांग की है। पत्र में श्री व्यास ने लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद महापालिका ने अभी तक अवैध रूप से चलाए जा रहे अंजुमन गरीब नवाब को तोडऩे की कार्रवाई नहीं की है। इसी तरहक्यू भायंदर पश्चिम के उत्तन जेटी के पास दुर्गम परिसर में समुद्र के किनारे अवैध रूप से दरगाह का निर्माण किया गया है। इस दरगाह में आने वाले दिनों में मदरसा और यात्रियों के लिए निवास बनाए जाने की योजना है। सुरक्षा की दृष्ठि कौन से यह स्थान बहुत संवेदनशील

शेष पृष्ठ २ पर

**पृष्ठ १ का शेष**

## प्रताप सरनाईक के अस्पताल का शिंदे ने किया शुभारंभ

ओवला-माजीवाडा विधानसभा प्रमुख डॉ सचिन मांजरेकर, उप जिला प्रमुख मुस्तफा (सिफन) वनारा,पूर्व नगरसेवक परशुराम म्हात्रे,युवा समाजसेवी ब्रिसेन सिंह,नाना नानी सुलभ संस्था के अध्यक्ष सलमान हाशमी शिवसेना के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक बडी संख्या में उपस्थित थे ।इस समारोह में अन्य सार्वजनिक और राजनीतिक नेताओं ने भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने विकास के लिए अपने संकल्प को जताया और नवाचारी प्रोजेक्ट्स को समर्थन दिया। शिंदे ने बताया कि उनकी सरकार के आने के बाद से महाराष्ट्र में विभिन्न विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने बडे.हाईवे, अटल सेतु जैसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने दहिसर-भायंदर लिंक रोड और भायंदर से विरार पालघर-डहाणु तक कोस्टल रोड का निर्माण का जिक्र किया। उन्होंने वसई विरार अलीबाग बहुउद्देश्यीय गलियारे का भी उल्लेख किया और इन्हें 'गेम चेंजर' प्रोजेक्ट कहा। उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों को जल्द से जल्द जोडऩे की दिशा में हैं। उन्होंने कनेक्टिविटी की महत्वता को भी मान्यता दी और बताया कि राज्य सरकार इसे बढावा देने के लिए कई फैसले ले रही है ।विधायक प्रताप सरनाईक ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ कहा कि इस कैशलेस अस्पताल के माध्यम से स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें पूरी होंगी, और हमारे शहर की स्वास्थ्य स्थिति सुधारेगी। उन्होंने अपने भाषण में विकास कार्यों की जानकारी भी दी।

## पत्रकारों को धमकी देने पर तीन साल की हो सक्ती है जेल

ने और तीन साल तक की कैद की सजा हो सकती है। कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और सभी राज्यों के गृह सचिवों को निर्देश भेजकर पत्रकार को मीडिया द्वारा उनके काम से रोकने के संबंध में पुलिस या अर्धसैनिक बल को शामिल किया जाएगा। पत्रकार, साफ कहा गया है कि हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कि पत्रकारों के खिलाफ ऐसी कोई हरकत नहीं की जाएगी सरकार को ध्यान देना चाहिए. पुलिस द्वारा पत्रकारों के खिलाफ हिंसा को संविधान के अनुच्छेद १ ९ में दिए गए मीडिया की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन माना जाएगा, और संविधान के इस अनुच्छेद के तहत दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारी या अधिकारी पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा।

## भाजपा के रवि व्यास ने अवैध दरगाह तोडने की उठाई मांग

है, क्योंकि यह स्थान मुंबई की सीमा से सिर्फ ५ से ६ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां सारे निर्माण वर्ष २ ० ० ३ के बाद कराए गए हैं। १ ९ ९ ३ में मुंबई में हुए बम विस्फोटों में शेखाडी और रायगढ.मार्ग से ले गए विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया था। पास में स्थित जेटी से आतंकवादी बिना किसी अवरोध के वोट और स्टीमर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यात्री निवास के निर्माण से यहां किसी के भी समुद्री रास्ते से आने-जाने की सुविधा हो जाएगी। पत्र में कहा गया है सुरक्षा को देखते हुए तत्काल इसके खिलाफ तोडक़ कार्रवाई की जाए।

## वसई पुलिस के हत्थे चढा सीरियल रेपिस्ट गिरफ्तार

नालासोपारा पश्चिम के डिपो के पास, झोपडपट्टी में और डोबिवली ता. कल्याण में रहने की जानकारी मिली। तुरंत पुलिस की एक टीम दोनों जगहों पर भेजी गई और उस इलाके में आरोपी की तलाश की गई, जांच में आरोपी मो.नं. तकनीकी विश्लेषण प्राप्त करने के बाद, अजमेर एक्सप्रेस जिस ट्रेन से यात्रा कर रही है, उसका सही अनुमान लगाने के बाद जांच टीम को तुरंत गुजरात की ओर रवाना किया गया। जैसे ही उक्त आरोपी सूरत शहर में आया, सूरत सिटी क्राइम ब्रांच की मदद से आरोपी को सूरत से हिरासत में लिया गया है। आरोपी (बागावत शंकर मारवाडी) २ ८ वर्ष का है, और वह नालासोपारा पश्चिम में रहता था व मूल निवासी जिला पाली, राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि, जब आरोपी से आगे पूछताछ की गई तो पता चला कि उसने उक्त अपराध किया है। और इस तरह लगभग ४ से ५ महीने पहले ओसवाल नगर के नालासोपारा पूर्व में एक ७ से ८ साल की बच्ची को बिल्डिंग के अडोशा में खींच लिया और जांच में पता चला कि उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की थी। इस संबंध में तुलिंज थाने में कलम ३ ५ ४ व १ २ के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी से २ अपराध का खुलासा हुआ है। क्राइम ब्रांच युनिट २ वसई ने वरिष्टजनों के मार्गदर्शन में उक्त के अपराध घटित होने के बाद से लगातार और लगातार काम किया, केवल सीसीटीवी फुटेज में प्राप्त अस्पष्ठ तस्वीरों के आधार पर व गोपनीय मुखबिर के माध्यम से आरोपियों की पहचान की, ट्रेन से भाग रहे आरोपी को सूरत से गिरफ्तार किया व घटना के ४ ८ घंटे के भीतर अपराध का खुलासा कर दिया गया है।

# मुंबईकरों को करना होगा इंतजार.. पीएम के पास समय नहीं!

मुंबई : मुंबईकरों के सफर को गति देनेवाले बहुप्रतीक्षित कोस्टल रोड के लोकार्पण का पहला मुहूर्त चूक गया है। लगता है पीएम के पास समय नहीं है, इसलिए यह लोकार्पण टाला गया है। इस वजह से मुंबईकर न केवल निराश हुए हैं, बल्कि उनके कोस्टल रोड पर सफर करने का सपना भी टूट गया है। इससे पहले मनपा आयुक्त प्रशासक इकबाल सिंह चहल ने दो फरवरी को घोषणा की थी कि प्रिंसेस स्ट्रीट से वर्ली-सी लिंक तक १ ०.५ ८ किमी लंबे इस मार्ग का ८ ५ प्रतिशत काम पूरा हो गया है। ऐसे में पहले चरण का उद्घाटन १ ९ फरवरी को पीएम मोदी द्वारा किया जाएगा। हालांकि, प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि कोस्टल रोड के पहले चरण के लोकार्पण की तारीख अभी तक तय नहीं हुई है। गौरतलब है कि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे की संकल्पना से मनपा के माध्यम से महत्वाकांक्षी परियोजना में बनाए जानेवाले कुल मार्ग में ३ इंटरचेंज और ४ पार्किंग स्थल शामिल हैं। इस परियोजना में पुल के लिए देश का पहला सिंगल कॉलम फाउंडेशन और सैकड़ों वेंटिलेशन सिस्टम लगाए गए हैं। समुद्र की दीवार बनाने में उपयोग किए गए ४ से ५ टन के विशाल पत्थर लहरों के प्रभाव को कम करते हैं और पत्थरों में मौजूद गुहाएं समुद्री जीवन की रक्षा भी कर रही हैं। इस मार्ग में प्रियदर्शनी पार्क से गिरगांव चौपाटी तक भूमिगत १ २.२ ० मीटर व्यास वाली दो किमी लंबी विशालकाय दो सुरंगें हैं। कोस्टल रोड के पहले चरण के लोकार्पण में तीन लेनवाला एक तरफ का ही मार्ग शुरू किया जाएगा। इसमें वर्ली से मरीन ड्राइव तक जा सकते हैं। यह मार्ग सुबह ८ बजे से रात ८ बजे तक केवल बारह घंटे के लिए खुला रहेगा। इसके अलावा बचे हुए समय में कोस्टल रोड के उत्तरी हिस्से को पूरा करने, वर्ली और शिवड़ी समुद्री सेतू को कोस्टल रोड से जोड़ने का काम किया जाएगा। इस बीच मनपा प्रशासन ने कहा कि कोस्टल रोड के पहले चरण के लोकार्पण की तारीख अभी तय नहीं की गई है। मनपा ने पहले घोषणा की थी कि १ ५ मई से कोस्टल रोड पूरी क्षमता के साथ शुरू की जाएगी। समुद्र की दीवार बनाने में उपयोग किए गए ४ से ५ टन के विशाल पत्थर लहरों के प्रभाव को कम करते हैं और पत्थरों में मौजूद गुहाएं समुद्री जीवन की रक्षा भी कर रही हैं। इस मार्ग में प्रियदर्शनी पार्क से गिरगांव चौपाटी तक भूमिगत १ २.२ ० मीटर व्यास वाली दो किमी लंबी विशालकाय दो सुरंगें हैं। कोस्टल रोड के पहले चरण के लोकार्पण में तीन लेनवाला एक तरफ का ही मार्ग शुरू किया जाएगा। इसमें वर्ली से मरीन ड्राइव तक जा सकते हैं। यह मार्ग सुबह ८ बजे से रात ८ बजे तक केवल बारह घंटे के लिए खुला रहेगा। इसके अलावा बचे हुए समय में कोस्टल रोड के उत्तरी हिस्से को पूरा करने, वर्ली और शिवड़ी समुद्री सेतू को कोस्टल रोड से जोड़ने का काम किया जाएगा। इस बीच मनपा प्रशासन ने कहा कि कोस्टल रोड के पहले चरण के लोकार्पण की तारीख अभी तय नहीं की गई है।







## मुंबई एयरपोर्ट पर नहीं मिली व्हील चेयर: १.५ किलोमीटर पैदल चलने से बुजुर्ग की मौत!

मुंबई : न्यूयॉर्क से मुंबई आए एक ८ ० साल के बुजुर्ग की व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण मौत हो गई है। वे अपनी पत्नी के साथ मुंबई आए थे। हैरानी की बात तो यह है कि दोनों पति पत्नी की सीट व्हील चेयर पैसेंजर की थी। इसके बावजूद उन्हें व्हीलचेयर नहीं मिली। वहीं इस




मामले में एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि व्हीलचेयर की काफी अधिक मांग थी, हमें दु:ख है कि हम समय पर व्हीलचेयर नहीं दे सके। रिपोर्ट्स के अनुसार, बुजुर्ग पति पत्नी एयर इंडिया की फ्लाइट से न्यूयॉर्क से मुंबई आए थे। उन दोनों को ही व्हील चेयर दी जानी थी। क्योंकि उनकी सीट भी व्हील चेयर वाली ही बुक हुई थी। लेकिन मुंबई एयरपोर्ट पर व्हील चेयर की किल्लत के कारण उन्हें एक ही व्हील चेयर मिली, जिस पर बुजुर्ग ने अपनी पत्नी को बिठा दिया और वे खुद करीब डेढ़ किलोमीटर तक पैदल चले, इस कारण उनकी हार्ट अटैक आने के कारण मौत हो गई। हार्ट अटैक आने के कारण उन्हें तुरंत एयरपोर्ट की मेडिकल सुविधा के माध्यम से तुरंत नानावटी अस्पताल मुंबई ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। बुजुर्ग भारतीय हैं। लेकिन उनके पास अमेरिका का पासपोर्ट था। उनकी मौत से उनकी पत्नी सहित परिवार के लोग काफी दुखी है।



























# मनपा ने कई मैनपावर आपूर्ति कॉन्ट्रैक्टरों का ठेका किया रद्द

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : आर्थिक संकट से जूझ रही मीरा -भायंदर मनपा को इससे उबारने और व्यर्थ खर्चों पर कटौती करने के लिए मनपा आयुक्त संजय श्रीपतराव काटकर ने सख्त कदम उठाए हैं। इसके तहत मनपा के विभिन्न विभागों में अतिरिक्त मैनपावर आपूर्ति के कॉन्ट्रैक्ट को रद्द कर ठेका पद्धति पर कार्यरत कर्मचारियों की कटौती कर दी है। जिसमें सर्वप्रथम सुरक्षा रक्षक आपूर्ति, स्वास्थ्य कर्मचारी आपूर्ति, सफाई कर्मचारी आपूर्ति और हाल ही में ट्रैफिक वार्डन आपूर्ति ठेका को भी रद्द कर दिया है। मुंबई से सटे होने के कारण मीरा -भायंदर शहर का तेजी से विकास हो रहा है। शहर में मेट्रो लाईन, सडक़ के कंक्रीटकरण और सूर्या प्रकल्प से होने वाली जलापूर्ति के लिए शहर के आंतरिक हिस्सों में जल वाहिनी बिछाने जैसे कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों का असर शहर के यातायात पर पडती है। शहर में प्रवेश और निकासी के सभी मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। इसलिए एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय की मांग पर ट्रैफिक पुलिस की सहायता के लिए मनपा की तरफ से ट्रैफिक वार्डन की आपूर्ति की गई थी। जो ट्रैफिक के संचालन में ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करते थे। एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय की तरफ से ९० ट्रैफिक पुलिस और मनपा द्वारा ठेका पद्धति से आपूर्ति किए गए ७५ ट्रैफिक वार्डन मिलकर संयुक्त रूप से मीरा -भायंदर शहर के दैनिक यातायात को सुचारू रूप से संचालित करते थे। मनपा प्रशासन द्वारा ट्रैफिक वार्डन के ठेके को रद्द करने से ट्रैफिक संचालन पर उसका प्रतिकूल परिणाम पडऩे की शिकायत की जा रही है और ट्रैफिक पुलिस पर ट्रैफिक संचालन का बोझ बढ.गया है। मीरा भायंदर मनपा द्वारा एमबीवीवी ट्रैफिक पुलिस को अतिरिक्त ७५ ट्रैफिक वार्डन आपूर्ति करने का ठेका ध होम सिक्योरिटी फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड धनामक निजी संस्था को दी गई थी। इस संस्था पर ट्रैफिक वार्डन को समय पर निर्धारित वेतन और पीएफ जैसी सुविधा नहीं दिए जाने के आरोप लग रहे थे। वहीं ट्रैफिक वार्डन की सुविधा उपलब्ध होने से ट्रैफिक पुलिस पर भी अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोताही किए जाने के आरोप लग रहे थे। तो दूसरी तरफ आर्थिक संकट से जूझ रही मनपा प्रशासन ने दूसरे अधिकार क्षेत्र के कार्यों के लिए हम भुगतान क्यों करें की नीति के तहत ट्रैफिक वार्डन का ठेका रद्द किया है, ऐसी चर्चा है।

**६ जनवरी २०२४ के आंदोलन की एक और मांग पूर्ण हो गयी हे ...! सत्यकाम फाऊंडेशन व जिद्दी मराठा प्रतिष्ठान के माध्यम से एक साल से शुरू लढाई को अंजाम मिल गया हे ! फीजुल के एक साल के ५ करोड रुपये जो आपके भाजपा नगरसेवकने पीछले पाच सालो से आपके सर पर डाल रखा था..मतलब २५ करोड नुकसान किया था वो ट्रॅफिक कंट्रोल वॉर्डन का टेंडर हमेशा के लिये आयुक्त श्री संजय काटकर साहब ने रद्द किया हे.! आपके पॉकेट से व्हाईट वसुली कर रहे हे जो भाजपा के लोग आप फिर भी उनके गुणगान गाते रहो टेक्स भी पाच गुना ज्यादा किया हे वो भरते रहो बस...!**



# मनपा की डीप क्लीनिंग प्रोजेक्ट पर उठे सवाल

**जेकेएस संवाददाता**

मुंबई : वर्ष २०२४-२५ के वित्तीय बजट में मुंबई महानगरपालिका ने शहर की साफ सफाई के लिए डीप क्लीनिंग प्रोजेक्ट की घोषणा की थी, जिसके तहत मुंबई की मुख्य सड़कों की प्रतिदिन धोने का प्रावधान था। ऐसे में अब सवाल उठ रहे हैं कि जब मुंबई की तमाम सड़कें ही क्षतिग्रस्त हैं तो उनकी धुलाई वैंसे होगी ? उस पर यह यक्ष प्रश्न है कि मनपा इतनी बड़ी तादाद में धुलाई के लिए पानी कहां से लाएगी ?



जानकार इसे सड़कों की धुलाई से ज्यादा सरकारी खजाने की सफाई मान रहे हैं। उनका तर्क है कि मुंबई में सड़कों की धुलाई का कॉन्सेप्ट काफी पुराना है। पर उसकी उचित निगरानी का कोई पैटर्न नहीं है तो ऐसे में इस योजना से भारी पैमाने पर भ्रष्ठाचार होने की संभावना है। साथ ही यह शहर में पानी की किल्लत को और भी बढ्ढाने का कारण साबित हो सकता है। मनपा के अधिकारियों से बात करने पता चला कि जहां पहले सड़क की धुलाई के लिए २०० टैंकर पानी का इस्तेमाल किया जाता था, वहीं अब इस प्रक्रिया में १,००० पानी के टैंकरों का इस्तेमनाल किया जाएगा। इन टैंकरों में इंडस्ट्रियल कामों में प्रयोग किया गया और रीसायकल किया हुआ पानी का प्रयोग होगा। सड़कों को धोने का काम अगले महीने यानी मार्च से शुरू किया जाएगा। मार्च महीने में हर शनिवार को मुंबई की सड़कों की धुलाई होगी और हर शनिवार को हजार टैंकर पानी का इस्तेमाल किया जाएगा। मुंबई की सड़कें पर जहां एक तरफ मेट्रो कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है और दूसरी तरफ गड्ढों की भरमार है तो ऐसे में सड़कों की धुलाई से कितनी साफ-सफाई होगी, इसे आप खुद ही समझ सकते हैं। घाती सरकार को कार्यकाल शुरू होने के २ साल बाद याद आया कि मुंबई को डीप क्लीनिंग की जरूरत है। दरअसल, मुंबई की डीप क्लीनिंग के आड़े कॉन्ट्रेकर और अपनी जेबें भरने का डीप काम किया जा सकता है, ऐसी भी आशंका जताई जा रही है। जलधारा एनजीओ के सुशील मिश्र बताते हैं कि मुंबई सड़कों की सफाई में सिर्फ पानी की बर्बादी होगी। तेज धुप वाले इस मौसम में करीब सैकड़ों टैंकर पानी डाल कर मिट्टी बैठा दी जाएगी, जो शाम तक फिर वैसी ही हो जाएगी जैसी थी। फिर ऐसी सफाई का क्या मतलब ? इलेक्शन के मद्देनजर रखते हुए यह कदम उठाया गया है और कुछ नहीं। मुंबई की कई सड़कों पर मेट्रो का काम चल रहा है, वहां सड़कों को वैंसे साफ किया जाएगा ? गड्ढे भरे रास्तों को वैंसे साफ किया जाएगा ? मनपा को पानी की बर्बादी की जगह सकिंग मशीन का इस्तेमाल करना चाहिए।

# गोवंडी में लगी भीषण आग: लगभग ५० झोपड़े जलकर राख!

मुंबई : गोवंडी स्थित आदर्श नगर झोपड़पट्टी में शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे के करीब आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से करीब ५० झोपड़े जलकर राख हो गए है। घटना की सुचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़िया मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। प्राथमिक जांच में आग शॉर्टसर्किट के चलते आग लगने की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग पहले एक मीटर बॉक्स से शुरू होते हुए झाड़ू बनाने के कारखाने में लगी। इसके बाद आग धीरे-धीरे फैलती गई और ५० झोपड़ों को अपने आगोश में ले लिया। घर में रखे गैस सिलिंडर के फटने की वजह से आग और भड़क उठी थी। इस हादसे में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। हालांकि, स्थानीय लोग सुबह तक आग बुझने और राहत कार्य में जुटे रहे।वही बोईसर-तारापुर के एमआईडीसी के प्लाट नंबर एन-६० में स्थित ओयजर केमिकल्स पैंक्ट्री में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग इतना भयानक थी कि पूरा इलाका दहल गया। आग लगते ही फैक्ट्री कर्मचारी तुरंत बाहर निकल आए, गनीमत ये रही कि इस आग में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

# सडक़ दुर्घटना में एक की गई जान

**जेकेएस संवाददाता**

वसई : वालीव पुलिस स्टेशन अंतर्गत मोटरसाइकिल व ट्रक में भीषण टक्कर होंने से एक २५ वर्षीय शख्स की दर्दनाक मौत हो गई। इस विषय में वालीव पुलिस ने ट्रक चालक के ऊपर केस दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, मनीष कुमार शोभनाथ पाल (२५), निवासी-रिचर्ड कंपाउंड, मणिचापाडा, वसई फाटा, वसई पूर्व में रहता था। बताया गया है कि मनीष मोटरसाइकिल से जा रहा था, जैसे ही वसई फाटा से रेंज ऑफिस की ओर जाने वाली वरुण कंपनी के ठीक सामने सडक़ पर चिंचपाडा वसई पूर्व पहुंचा तो एक तेज रफ्तार हायवा ट्रक द्वारा सडक़ नियमों की अनदेखी करते हुए पीछे से सभी मोटरसाइकिल को जोरदार ठोकर मारी। हादसे में मोटरसाइकिल चालक मनीष की गंभीर रूप से जख्मी होने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही वालीव पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व शवको पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दिन दहाडे.चोर गाडी से ले उडे.लाखों रुपए नकद

**जेकेएस संवाददाता**

वसई: वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में अज्ञात चोर ने दिन दहाडे.गाडी से लाखों रुपए नकदी चोरी कर फरार होने की घटना सामने आई है। इस मामले में वालीव पुलिस ने अज्ञात चोर के ऊपर केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, उत्तम उदय उजाल, गांधी चौक, फुलपाडा रोड, विरार पूर्व में रहता है। बताया गया है कि, १४ फरवरी को लगभग दोपहर ३.०० बजे से ३.३० बजे तक सलमान सुपारी स्टोर्स रंजनाका वसई पूर्व और रेंजऑफिस़ सिग्नल के बीच शिकायतकर्ता काम कर रहा था, जीतेन्द्र कॉर्पोरेशन कंपनी के १५९९१३३ रुपए नकद बैग में बजाज अप्पे गाडी क्रमांक एमएच- ४७ ई-०४३५ पीछे ताला लगाकर रखा था।

# गाडी चुरानेवाले चोर पहुंचे हवालात में

नई मुंबई : नई मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने शहर में सेंधमारी और गाडियां चोरी करनेवाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अब तक ४ अपराधों को कबूल किया है। पुलिस ने उनके पास से करीब ५ लाख ३० हजार रुपए का माल बरामद किया है। दरअसल, नई मुंबई और पनवेल क्षेत्र में हाल के दिनों में सेंधमारी और चोरी की कई घटनाएं सामने आई थी, जिसके बाद पुलिस आयुक्त



मिलिंद भारंभे ने इन अपराधों में शामिल सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने का आदेश दिया, तब उनके आदेशानुसार अपराध शाखा के पुलिस उपयुक्त ने चार टीमों का गठन कर सभी आरोपियों को पकडऩे की जिम्मेदारी दी थी। टीम ने सभी अपराधों का विश्लेषण कर उन जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से सभी आरोपियों को पकडऩे में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पकडे.गए आरोपियों में से ३ पर पहले से ही कई घटनाओं को अंजाम देने के मामले में मुकदमे चल रहे हैं।

**MIRA BHAINDAR MUNICIPAL CORPORATION**
Indira Gandhi Bhavan, Chatrapati Shivaji Maharaj Marge,
Bhayandar (W) 401101, Tal. Dist. Thane, 28192828
**PWD / Electric DEPARTMENT**

No.MNP/PWD/Tender/367/2023-24 Date-14/02/2024

## // Tender Notice No367//

Mira Bhayandar Municipal Corporation invites Sealed B-1 tenders for Proposed Construction of Retaining wall at Uttan Dumping ground in Ward No.24 at Bhaindar (W) MBMC Area. (Maharashtra Golden Jubilee City Upliftment Campaign) Works in Government Semi Government Public Sector Organizations and Activities / Local Self Government Etc. Against the Contractor. Proceedings for Cancellation of Registration Pursuant to disciplinary Proceedings have been are in progress. Such Contractors cannot participate in the tender process. Tender Notice and Tender Form on the website https: mahatenders.gov.in from Dt.16/02/2024 to Dr.03/03/2024 till 12.00 pm. Tender Form Fee and EMD Should be submitted through online Receipt System. failing which the tender will be disqualified. There is no any concession to qualified unemployed Engineer for EMD Security deposit.

The last date for submission of tenders completed in all respects on Dt.04/03/2024 up to 12.00 pm on the above mentioned website. Mira Bhayandar Municipal Corporation. The tenders shall be opened in the presence Absense of the bidders or their representatives on Dt.05/03/2024 at 12.30 pm at the tender scell of Mira Bhayandar Municipal corporation.

Ref No. MBMC/.PRO/E-1471683/2023-24
Date : 15/02/2024
Place : Bhainder

sd/-
City Engineer
Mira Bhaindar Municipal Corporation











**माजी नगरसेवक दिनेश जैन व सुनिता जैन की सुपुत्री प्रियंका का शुभ विवाह करण के साथ संपन्न हुआ है. यह शादी का रिसेप्शन सेवन इलेवन क्लब में रखा गया था. इस अवसर पर वर-वधु को आशिर्वाद देने माजी विधायक नरेंद्र मेहता और उनकी पत्नी सुमन मेहता, निलेश सोनी और सायरा सोनी, जन कल्याण सेवा, मनोज रामनारायण दुबे, हेतल परमार, सीमा शाह, की संपादक सीमा गुप्ता व कई लोगों ने उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी.**



# पुलिस की कार्यकुशलता से चोर हुए गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**



पालघर : पालघर जिले की लोकल क्राइम ब्रांच टीम ने चोरी की एक बडी गुत्थी सुलझाई है। दरअसल, टीम ने ४ शातिर चोर को गिरफ्तार कर उनके पास से ७ लाख से अधिक का माल बरामद करते हुए ३ मामलों का खुलासा किया है। यह कार्रवाई पालघर जिले के एसपी बालासाहेब पाटील व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज शिरसाट के मार्गदर्शन में लोकल क्राइम ब्रांच के पीआई अनिल विभुते की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि ७ फरवरी २०२४ को रूम नं. ४०४, बि.नं.ई-३, शादावल इंप्रेशन, सरावली, बोईसर से अज्ञात चोर ने सेफ्टी दरवाजा का लॉक तोड़कर घर से नकदी व आभूषण समेत कुल मिलाकर २,१२,००० रुपए माल की चोरी की थी। इस संबंध में बोईसर थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें पुलिस ने उपरोक्त चोर पर धारा ४५२,३८० के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया है कि अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए बालासाहेब पाटील, पुलिस अधीक्षक ने कडी कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इसके बाद पीआई अनिल विभुते ने पीएसआई गणपत सुले की अगुवाई में पुलिस टीम की एक टीम तैयार की। उक्त टीम ने तांत्रिक एवं गुप्त मुखबिर की सहायता से आरोपी को बोईसर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोहमद शकीब मोहमद शौकत अंसारी (२३), मोहमद उमर महेफुज अहमद (३०), फर्मान अहमद मुज्जमील अहमद (४१) व मोहमद दानिश मोहमद वरीश मलीक (२४) सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के बिजनोर व मेरठ के रहने वाले हैं। आरोपियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपराध करना स्वीकार किया। यह भी पाया गया है कि उक्त आरोपी ने उक्त अपराध को अंजाम देने के लिए सितंबर २०२३ में दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर से चोरी की गई ब्रिजा मारुति कंपनी की कार का इस्तेमाल किया था। ०२९२९५/२०२३ मालवीय नगर में ब्रिजा मारुति कार चोरी मामले में दर्ज किया गया था। आरोपियों ने वाहन में उत्तर प्रदेश से मुंबई तक यात्रा की थी और दिन के दौरान पालघर जिले के बोईसर पुलिस स्टेशन और पालघर पुलिस स्टेशन में चोरियां कीं।पुलिस अधिकारी ने बताया है कि आरोपियों से चोरी के आभूषण एवं अपराध में प्रयुक्त वाहन व दिनदहाडे.चोरी में प्रयुक्त हथियार और महाराष्ट्र से फर्जी नंबर प्लेटें, यानी कुल मिलाकर ७,२५,००० रुपए का माल जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा है कि इनकी गिरफ्तारी से ३ चोरी मामलों का खुलासा हुआ है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक विठ्ठल मनिकेरी कर रहे हैं।

# मिरा भाईंदर गार्डनों की स्थिती चिंताजनक

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर । जनप्रतिनिधियों के नही होने का असर विकास कार्यों और सुविधाओं पर हो रहा है।भायंदर पूर्व के जेसल पार्क इलाके के तीन से दो उद्यानों की हालत खस्ताहाल है।जबकि एक उद्यान के मध्य बना फब्बारा सूखा पडा हुआ है। स्थानीय पूर्व नगरसेवक मदन सिंह ने हमारे संवाददाता को जमीनी सच्चाई से अवगत कराया।पडताल में उद्यानों की हालत हालत काफी खराब दिखी। आरएनपी पार्क उद्यान में लगाए गए प्राणियों के अंग टूटे और घास सुख रही है। चौपाटी पर प्रियदर्शनी पार्क में बना फब्बारा लंबे समय से सूखा हुआ है। प्रमोद महाजन पार्क का



दशा सबसे खराब है। उद्यान में लगा म्यूजिक सिस्टम बंद पडा हुआ है।घासें सूख गई हैं।शौचालय की लाइट्स बंद है।बच्चों के झूले,बेंच और ओपन जिम टूटे हुए हैं।जिम इक्यूपमेंट खराब चल रहे हैं। स्थानीय निवासी विवेक सोनार ने बताया कि उद्यान के गेट पर बना प्याऊ की सफाई दो वर्षों से नहीं हुई है।टंकी और नल के पास काफी गंदगी जमा है।पानी सप्ताह में सिर्फ दो दिन आता है।सुबह शाम सैरसपाटे के उद्यान जाने वाले रमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शौचालय में लाइट नहीं होने से मधुमेह रोगियों को काफी दिक्कत होती है। हरियाली बचाने और बढाने की मंशा से माझी वसुंधरा कार्यक्रम पर मीरा भायंदर मनपा लाखों रुपए खर्च कर दी।इन उद्यानों की मरम्मत की सख्त जरूरत है तो यहां एक पैसा भी खर्च करना नहीं करना चाहती है। इसकी शिकायत हम वन-उद्यान अधीक्षक हंसराज मेश्राम से कई बार कर चुके हैं।अब वे न मिलते हैं और न ही फोन उठाते हैं।

# मनपा की पतपेढी के चुनाव में भाजपा में घमासान

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर । १५ मार्च को होने वाले मीरा भायंदर महानगर पालिका कर्मचारी सहकारी पतपेढी( बैंक) के चुनाव में भाजपा ही आमने-सामने है।जहां भाजपा प्रणित श्रमिक जनरल कामगार संगठना ने गठबंधन कर अपना पैनल उतारा हैं।वही भाजपा मुंबई प्रदेश कामगार आघाडी के महामंत्री अमित भोसले ने अपनी झुंज जनरल कामगार यूनियन का भी पैनल उतार दिया है।जिससे लडाई रोचक हो गई है।भाजपा के आपसी टकराव से तीसरे पैनल भारतीय कामगार सेना को फायदा हो सकता है और उसका कब्जा बरकरार रह सकता है। मीरा भायंदर महानगरपालिका कर्मचारी सहकारी बैंक में तकरीबन ६०० से अधिक कर्मचारी सदस्य हैं। बैंक का सालाना लेनदेन २० करोड रुपए से अधिक का है।इस पतपेढी की स्थापना वर्ष १९९५ में हुई थी ।शुरू से ही इस पर दिवंगत कामगार नेता गोविंद परब की अगुवाई वाली भारतीय कामगार सेना का कब्जा रहा है।इस बार इस संगठन ने सरकार पैनल नाम से अपने प्रत्याशी उतारे हैं और उनके पैनल प्रमुख प्रकाश बोराडे( मुख्य अग्निशमन अधिकारी हैं) वहीं भाजपा प्रणित जनरल कामगार संगठना और विवेक पंडित की अगुवाई वाली श्रमजीवी संगठना ने संयुक्त रूप से पैनल उतारे हैं।उसके पैनल प्रमुख कैलाश शेवन्ते हैं। जबकि भाजपा नेता अमित भोसले की अगुवाई वाली झुंज जनरल कामगार यूनियन के प्रमुख पैनल प्रमुख नितिन राठौड. हैं। श्रमिक जनरल कामगार संगठना के नेता प्रभाकर गायकवाड का दावा है कि उनके पैनल को पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता, शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक और श्रमजीवी संगठन के नेता विवेक पंडित का समर्थन हैं।भारतीय कामगार सेना से इस बार कब्जा छीन जाएगा।वहीं भाजपा नेता अमित भोसले का अपना दावा है।उनका कहना है कि उनकी यूनियन कर्मचारियों के लिए निस्वार्थ रूप से संघर्ष करती रही है।इसलिए जीत उनकी ही होगी।नामांकन के समय उनके साथ भाजपा के पूर्व नगरसेविका नीला सोन्स भी उपस्थित थी। नामांकन पत्रों की पडताल के बाद ८३ प्रत्याशी मैदान में बचे हैं।९ से २९ फरवरी के बीच नामांकन वापस लिए जा सकेंगे।कुल १९ पदों में से १४ पद साधारण है। जबकि एससी,एसटी और ओबीसी के लिए एक-एक तथा महिला के लिए दो पद आरक्षित हैं।

# मनपा के दो अधिकारियों में हुआ विवाद, पुलिस में मामला दर्ज

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर. मीरा-भायंदर महानगर पालिका के दो वरिष्ट अधिकारियों के बीच धक्का मुक्की, विवाद और गाली गलौज का मामला सामने आया है. इतना ही नहीं तो इस विवाद की शिकायत भायंदर पुलिस थाने में भी दर्ज कराई गई है. शुक्रवार को मनपा के बजट पेश किए जाने के दौरान उद्यान अधीक्षक हंसराज मेश्राम और नागेश विरकर के बीच किसी बात को लेकर यह घटना घटित हुई है. जिसकी शिकायत मेश्राम ने मनपा के लेटर हेड पर पुलिस में दर्ज कराया है. बता दें कि मीरा भायंदर मनपा के उद्यान विभाग का कामकाज सुचारू रूप से संचालित करने के लिए दो उद्यान अधीक्षकों की स्थाई रूप से नियुक्ति की गई है. जिसमें प्रभाग क्रमांक १, २ और ३ की जिम्मेदारी उद्यान अधीक्षक हंसराज मेश्राम तो प्रभाग क्रमांक ४,५ और ६ की जिम्मेदारी उद्यान अधीक्षक नागेश विरकर को सौंपी गई है. पुलिस को दिए लिखित शिकायत में मेश्राम ने विरकर के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं. जिसमें शुक्रवार को दोपहर १ बजे के आसपास विरकर ने बिना अनुमति मेश्राम के नगर भवन स्थित कार्यालय में घुसकर फाइलों की झडती ली. इतना ही नहीं तो इस संबंध में विरकर से पूछने पर उन्होंने गाली गलौज और मारपीट किया ऐसा आरोप में मेश्राम ने लगाया है.











स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI